**प्रादेशिक समाचार**
**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**

**दिनांक: 19.05.2026** **समय : 18.30 पीएम**

- **केन्द्रीय खान और कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा–राज्य सरकार की पारदर्शी नीतियों से राजस्थान, क्रिटिकल मिनरल्स के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है।**

- **सर्वोच्च न्यायालय का टीकाकरण या नसबंदी किए गये लावारिस कुत्तों को आश्रय स्थलों में रखने के अपने पूर्व के आदेश को वापस लेने से इनकार।**

- **प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए इस वर्ष अगस्त तक 500 ई–बसें चलायी जाएंगी।**

- **राज्य के ज्यादातर हिस्सो में भीषण गर्मी और लू का प्रकोप जारी–अगले एक सप्ताह तक सीमावर्ती क्षेत्रों में तापमान 44 से 46 डिग्री के बीच रहने का पूर्वानुमान।**

000

राजस्थान को देश भर में महत्वपूर्ण खनिजों का प्रमुख केंद्र बनाने के लिए राज्य और केंद्र सरकार मिलकर काम करेंगी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और केंद्रीय खान एवं कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी की उपस्थिति में आज मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक में राज्य को कोयले की निर्बाध आपूर्ति, तकनीक आधारित खनन और खनिजों के बेहतर दोहन सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई।

इस दौरान केंद्रीय मंत्री श्री रेड्डी ने कहा कि केन्द्र सरकार के दूरदर्शी नीतियों और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के कारण देश के खनन क्षेत्र में व्यापक सुधार हुआ है। केन्द्रीय मंत्री ने कि राज्य सरकार की पारदर्शी नीतियों और निवेश के अनुकूल वातावरण से राजस्थान क्रिटिकल मिनरल्स के प्रमुख केंद्र के रूप में उभर रहा है। श्री रेड्डी ने बताया कि रक्षा, सौर ऊर्जा और ऑटोमोबाइल क्षेत्र में इन खनिजों की बढ़ती मांग को पूरा करने की क्षमता राजस्थान में है। उन्होंने खनन से जुड़े मुद्दों के समयबद्ध समाधान पर जोर दिया, जिससे प्रदेश में निवेश और उत्पादन बढ़ सके। बैठक में मुख्यमंत्री ने बाड़मेर और बालोतरा के सिवाना रिंग कॉम्प्लेक्स में उपलब्ध ''रेयर अर्थ एलिमेंट्स'' के दोहन और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण से राज्य में चिन्हित साइट्स की जानकारी साझा करने को कहा ताकि इस भूमि का उपयोग अन्य कामों में नहीं किया जा सके। बैठक में कोल इंडिया और राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम के संयुक्त उपक्रम तथा सौर ऊर्जा परियोजनाओं पर भी चर्चा की गई।

000

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन के कार्यकारी निदेशक और राज्य स्तरीय समन्वयक मनोज गुप्ता ने प्रदेश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति का भरोसा दिलाया है। उन्होंने बताया कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद राज्य के सभी टर्मिनल, डिपो और रिटेल आउटलेट पर पेट्रोलियम उत्पादों का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। श्री गुप्ता ने कहा कि घरेलू उपभोक्ताओं को रसोई गैस की आपूर्ति भी पूरी तरह सामान्य है। इंडियन ऑयल, बीपीसीएल और एचपीसीएल सहित सार्वजनिक क्षेत्र की तीनों प्रमुख तेल कंपनियां मिलकर वितरण व्यवस्था पर लगातार नजर रख रही हैं। उन्होंने आमजन से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने, घबराकर अनावश्यक खरीदारी नहीं करने और ईंधन की उपलब्धता के लिए केवल आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करने का आग्रह किया। इस बीच पूर्व केन्द्रीय मंत्री कैलाश चौधरी ने आज झुन्झुनू जिले के दौरे पर लोगों से इंधन बचाने की अपील की।

.......................

इस बीच आज सवाईमाधोपुर ज़िले में 11 पेट्रोल पम्प्स पर माप–तौल में गडबडी की शिकायतों के बाद आज उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से औचक निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान एक पेट्रोल पंप पर पांच लीटर की आपूर्ति पर 30 मिलीलीटर पेट्रोल कम देना पाया गया, जिसके बाद संबंधित पंप के नोजल सीज कर दिए गए। विभाग ने संबंधित प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी किए हैं और साढ़े चार हजार रुपए का जुर्माना भी वसूला है।

000

सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने एकजुट राष्ट्रीय कार्रवाई के तौर पर सैन्य सटीकता, सूचना, नियंत्रण, कूटनीतिक संकेत और आर्थिक संकल्प को एक साथ पेश किया। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन ने गहराई तक वार करते हुए आतंकी ढांचे को ध्वस्त कर दिया, एक लंबे समय से चली आ रही रणनीतिक धारणा को तोड़ दिया। सेना प्रमुख ने यह बात नई दिल्ली में सेंटर फॉर लैंड वॉरफेयर स्टडीज में सुरक्षा से समृद्धि की ओर–सतत राष्ट्रीय विकास के लिए स्मार्ट पावर विषय पर आयोजित एक सेमिनार को संबोधित करते हुए कही।जनरल द्विवेदी ने कहा कि भारत को शांति सुनिश्चित करने, विकास की गति तेज करने और वैश्विक माहौल को अपने पक्ष में करने के लिए अपनी राष्ट्रीय शक्ति का इस्तेमाल रणनीतिक सूझ–बूझ के साथ करना चाहिए।

000

सर्वोच्च न्यायालय ने सार्वजनिक स्थानों से लावारिस श्वानों को हटाने के अपने पहले के आदेश में किसी तरह की राहत देने से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने नवम्बर 2025 के आदेश में बदलाव की मांग करने वाली याचिकाओं को आज खारिज कर दिया। अदालत ने अधिकारियों को ऐसे कुत्तों को आश्रय स्थलों में रखने का निर्देश दिया। अस्पतालों, स्कूलों और अन्य स्थानों पर कुत्तों के हमलों की घटनाओं को बेहद चिंताजनक बताया गया है। इनका हवाला देते हुए पीठ ने कहा कि निर्देशों का पालन नहीं करने वाले अधिकारियों को अवमानना और अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

000

प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूत और पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए इस वर्ष अगस्त तक 500 ई–बसें चलायी जाएंगी। इन बसों के सुचारू संचालन के लिए राज्य में 9 अत्याधुनिक ई–बस डिपो बनाए जा रहे हैं। आज जयपुर में शासन सचिवालय में आयोजित बैठक में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने ई–परिवहन सेवाओं और बसों की खरीद प्रक्रिया की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में मुख्य सचिव ने कहा राज्य सरकार प्रदेश में सुरक्षित और सुविधाजनक सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। बढ़ते शहरीकरण को देखते हुए ई–बसों के संचालन से प्रदूषण में कमी आएगी और आमजन को सुगम परिवहन सुविधाएं मिलेंगी। बैठक में राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के बेड़े में भी विस्तार का फैसला लिया गया। बेडे में अगस्त माह तक 144 ब्लू–लाइन बसें और 30 एसी स्लीपर बसें शामिल की जाएंगी, जिससे लंबी दूरी के यात्रियों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

000

उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने आज पाली मारवाड़ रेलवे स्टेशन पर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन परिसर में स्वच्छता व्यवस्था, पेयजल सुविधा, प्रतीक्षालय और पार्किंग सहित विभिन्न यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया। डीआरएम ने अधिकारियों को सुरक्षा मानकों और रेल संरक्षा मापदंडों को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने पाली मारवाड़ से जोधपुर तक विंडो ट्रेलिंग का निरीक्षण कर विभिन्न स्टेशनों पर चल रहे सुरक्षा कार्यो की भी समीक्षा की।

000

कोटा के मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व में वन्यजीवों की सुरक्षा और निगरानी तंत्र को मजबूत करने के लिए अब सौर ऊर्जा आधारित सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे हैं। वन विभाग की इस पहल से घने जंगलों में स्थित प्राकृतिक और कृत्रिम जल स्रोतों पर बिना किसी रुकावट के चौबीसों घंटे नजर रखी जा सकेगी। गर्मी के मौसम में वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और शिकारियों की गतिविधियों को रोकने में यह प्रणाली बेहद कारगर साबित होगी। अधिकारियों ने बताया कि इन अत्याधुनिक कैमरों की मदद से वन्यजीवों के व्यवहार का वैज्ञानिक डेटा जुटाने और उनकी टेरिटरी की निगरानी करने में भी मदद मिलेगी।

000

प्रदेश के सीमावर्ती इलाकों, शेखावाटी और कोटा संभाग में भीषण लू का प्रकोप जारी है। इन क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के आस–पास बना हुआ है। हालांकि मौसम विभाग के अनुसार बीते 24 घंटों में तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की गई। 46.3 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ चित्तौडगढ़ सबसे गर्म स्थान रहा। सबसे गर्म रात हनुमानगढ़ के संगरियां में दर्ज की गई। जहां तापमान 34 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड हुआ। राजधानी जयपुर में आज पारा 43 दशमलव 2 पर पहुंच गया। मौसम विज्ञान केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि अगले एक सप्ताह के दौरान मौसम शुष्क रहने और गर्मी में बढोतरी होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों में पारा 44 से 46 डिग्री के बीच रहने का पूर्वानुमान है। इस दौरान इन स्थानों पर तेज़ रफ़्तार धूलभरी हवाएं चल सकती है।

000

तेज़ गर्मी और हीटवेव को देखते हुए प्रदेश के सभी चिकित्सालयों और स्वास्थ्य केन्द्रों पर विशेष इन्तजाम किये गये है। अस्पतालों में मरीजों के लिए बैड आरक्षित करने के साथ ही ओ.आर.एस. कॉर्नर भी बनाये गये है, साथ ही लोगों को स्वास्थ्य विभाग की टीमों की ओर से जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से गर्मी से बचाव के उपाए बताये जा रहे है। लोगों से दोपहर के समय अनावश्यक बाहर नही निकलने की अपील की जा रही है। वहीं विभिन्न स्थानों पर, सड़को पर पानी का छिडकाव करवाया जा रहा है।

000

आईपीएल क्रिकेट में आज राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा। ये मैच जयपुर के एसएमएस स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। आईपीएल मैच को देखते हुए जयपुर में यातायात पुलिस ने विशेष ट्रेफिक व्यवस्था लागू की है। कई मार्गों पर यातायात डायवर्ट रहेगा। उधर, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, गुजरात टाइटन्स और सनराइजर्स हैदराबाद की टीमें प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं, वहीं, मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स मुकाबले से बाहर हैं।

000